भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन (हीप),रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

संदर्भ सं. मा. सं. / भर्ती / ग्रेजु.-टेक्नी. अप्रेंटिस /46-Rev **दिनांक : 01.06. 2016**

परिपत्र

विषय: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में ग्रेजुएट / डिप्लोमा अप्रेंटिसशिप अगस्त 2016 बैच हेतु आवेदन सम्बंधी

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में निम्नलिखित शाखाओं (Branches) में ग्रेजुएट (B.Tech. / B.E. Holder) एवं डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण (सत्र अगस्त, 2016-17) हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष से कम अवधि तक ही जॉब किया है या जॉब नहीं किया है तथा अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व समय - समय पर संशोधित के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

क्रम सं.	शाखा (Branch)	रिक्तियों की संख्या		न्यूनतम योग्यता	आयु सीमा (01.06.2016 को) एवं छूट
		ग्रेजुएट अप्रेंटिस	टेक्नीशियन/ टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस		
1	मैकेनिकल/ प्रोडक्शन/ इण्डस्ट्रियल	41	17	हाईस्कूल / तथा इंटरमीडिएट (नियमानुसार) उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से **वर्ष 2013, 2014, 2015 या 2016 में** ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए संबंधित ब्रांच से **ग्रेजुएट (B.Tech./B.E.) उत्तीर्ण** (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस के लिए संबंधित ब्रांच से **डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण** (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) जिनका न्यूनतम प्रतिशत सामान्य वर्ग तथा अन्य पिछडे वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 60 % तथा अनु. जाति, अनु. जनजाति वर्ग व शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए 55 % हो।	• न्यूनतम : 18 वर्ष • अधिकतम : 27 वर्ष (सामान्य वर्ग), अन्य पिछडा वर्ग 30 वर्ष एवं 32 वर्ष (अनु. जाति / जनजाति) • 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।
2	इलेक्ट्रिकल	4	5		
3	सिविल	2	1		
4	इलेक्ट्रॉनिक्स	4	2		
5	कम्प्यूटर	1	-		
6	मेटलर्जी	2	-		
7	केमिकल	2	-		
8	ऑफिस मैनेजमेंट एवं सेक्रेटेरिएट प्रैक्टिस / स्टेनो / अकाउंट ऑडिट	-	13		

नोट: ऊपर दी गयी रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है। यदि ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को टेक्नीशियन अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है। इसी प्रकार यदि टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को ग्रेजुएट अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।

महत्त्वपूर्ण निर्देश

नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) /संविदाकार द्वारा नियोजित बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में कार्यरत संविदा श्रमिकों या उनके आश्रितों / बी.एच.ई.एल. हरिद्वार की एजेंसीज (CISF/EMB /लेडिज क्लब /भेल गैस/दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय) के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के नियमानुसार उत्तीर्ण वर्ष में कोई अतिरिक्त छूट का प्रावधान नहीं है।

- प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी।
- अनु. जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रैन्टिस एक्ट के नियमानुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमशः 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण उत्तराखंड राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जाएगा।

अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या BOAT Kanpur में पंजीकरण होना अनिवार्य है।

- अनु. जनजाति वर्ग (Scheduled Tribe) के अभ्यर्थी जिनका उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण हो, वे आवेदन कर सकते हैं।
- अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.06.2015 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC certificate) मान्य नहीं होगा।
- डिप्लोमा तथा ग्रेजुएट अप्रेंटिस दोनों हेतु सभी ब्रांचों में कुल सीटों का 30 % सीट वरीयता में निम्न क्रमानुसार दिया जाएगा, यदि वे अन्य न्यूनतम अर्हताओं को पूरा करते हों :
  1. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के मृतक कर्मचारी के आश्रित
  2. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कार्यरत / सेवानिवृत कर्मचारियों के आश्रित
  3. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के वेलफेयर एजेंसियों (ई.एम.बी./ भेल गैस/ लेडिज क्लब) / डी.पी.एस. रानीपुर / केंद्रीय विद्यालय सेक्टर 4 / सी.आई.एस.एफ. के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रित
  4. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत संविदा श्रमिक या उनके आश्रित (यथालागू)

  नोट: 1. कर्मचारी / संविदा श्रमिक के आश्रित वही माने जायेंगे जो उनके पुत्र/ पुत्री/ पत्नी/ पति होंगे।

  2. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) / कार्यरत संविदा श्रमिकों / ई.एम.बी./ लेडिज क्लब/ CISF/ भेल गैस / दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए **सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या BOAT Kanpur में पंजीकरण होना अनिवार्य नहीं है।**
- ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) तथा डिप्लोमा के मैकेनिकल शाखा के अभ्यर्थी का चयन लिखित परीक्षा द्वारा किया जायेगा। किसी भी समूह या वर्ग के लिए साक्षात्कार नहीं होगा। लिखित परीक्षा के लिये आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

  अन्य शाखाओं के योग्य अभ्यर्थियों को उनके ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) तथा डिप्लोमा यथालागू में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाते हुए सीधे चयनित किया जाएगा अर्थात चयन हेतु लिखित परीक्षा की प्रक्रिया नहीं होगी। समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। ऐसी स्थिति में यदि जन्म तिथि भी समान हों तो डिप्लोमा धारी के लिए हाई स्कूल तथा ग्रेजुएट अभ्यर्थी के लिए इण्टरमीडिएट के अंकों के आधार पर वरीयता दी जाएगी।
- वे अभ्यर्थी, जिनका BOAT Kanpur में नामांकन है, उन्हें भी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता है। उनमें से योग्य अभ्यर्थियों को सीधे चयन प्रक्रिया के लिए सम्मिलित किया जाएगा तथा उनका भी अंतिम चयन उपर बताए गये आधार पर होगा।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना online पावती संख्या (Acknowledgement No.) भविष्य हेतु याद रखें।

<u>वजीफा :</u>

ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वजीफा (Stipend) रू . 6000/- प्रति माह तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस को रू . 4000/- प्रति माह देय होगा।

<u>स्वास्थ्य:</u>

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गये प्रारूप पर पंजीकृत एम.बी.बी.एस. डॉक्टर द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 और उसके उपरांत समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

<u>चयन प्रक्रिया:</u>

अभ्यर्थी का चयन उनके द्वारा ग्रेजुएशन या डिप्लोमा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाते हुए किया जाएगा। **परन्तु ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) तथा डिप्लोमा के मैकेनिकल शाखा के अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा द्वारा किया जायेगा। लिखित परीक्षा में लगभग कुल 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Question) होंगे, जिनके लिए 1 प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित होगा। प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए 0.25 की निगेटिव मार्किंग की जाएगी।**

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों का अंतिम रूप से चयन कर लिया जायेगा, यदि वे अन्य अर्हताओं को पूरा करते हों।

***नोट:** आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।*

<u>आवेदन कैसे करें</u>

- इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों की जानकारी के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।

- उपरोक्त प्रशिक्षण के लिये हमारी भर्ती वेबसाईट https://careers.bhelhwr.co.in द्वारा "*Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for August*,***2016 Batch***" के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरें।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो (30 kb तक) अपलोड करना होगा।
- **वेबसाईट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे बिना, या फोटो अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा सामान्य निर्देश में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों को जमा किये बिना आवेदन अस्वीकार्य होंगे। इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।**
- ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत पावती पत्र निर्धारित तिथि तक नहीं प्राप्त होने की दशा में आवेदक प्रक्रिया के लिए अयोग्य माना जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या 01334 –281427 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.एच.ई.एल. भर्ती वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए **" ग्रेजुएट अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र (सत्र अगस्त, 2016-17)"** तथा डिप्लोमा [टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल)] अप्रेंटिसशिप के लिए **"टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र (सत्र अगस्त, 2016-17)"** लिख कर दिनांक 27.06.2016 **तक** निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत/डाक द्वारा जमा करना होगा। **अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।**

वरि. प्रबंधक (मा. सं.- भर्ती), कक्ष सं. 29, भूतल,
मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,
बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर,हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403

नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) /संविदाकार द्वारा नियोजित बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में कार्यरत संविदा श्रमिकों या उनके आश्रितों / बी.एच.ई.एल. हरिद्वार की एजेंसीज (EMB /लेडिज क्लब /CISF/ भेल गैस /दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय) के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip)) तथा **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ **"Form for Employee Ward or Contract Labour Ward"** भी जमा करना होगा।

<u>सामान्य निर्देश</u>

- अभ्यर्थियों को चयन संबंधी सारी जानकारी **वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध रहेगी**। ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.) तथा डिप्लोमा के **मैकेनिकल शाखा** के योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र (Call Letter) **इस वेबसाइट से स्वयं डाउनलोड करना होगा**। इस संबंध में डाक द्वारा कोई प्रवेश पत्र (Call Letter) नहीं भेजा जएगा। प्रवेश पत्र (Call Letter) डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **30.06.2016 के उपरांत समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें**। लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र (Call Letter) के साथ अपना मान्य फोटो आईडी कार्ड (मतदाता पहचान कार्ड/पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/आधार कार्ड) लेकर आना होगा।
- सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेज (self-attested photocopy) पावती पत्र के साथ संलग्न करके दिनांक 27.06.2016 तक व्यक्तिगत/डाक द्वारा जमा कराने होंगे:
  1. हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र।
  2. इंटरमीडिएट अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र (ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य)।
  3. डिग्री या डिप्लोमा (अंतिम वर्ष) (जो भी लागू हो) की अंक तालिका एवं प्रोविजनल प्रमाण पत्र।
  4. सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार पंजीकरण प्रमाण पत्र अथवा BOAT कानपुर PID Slip No. (यदि लागू हो तो)।
  5. उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य के किसी भी जिले के सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।
  6. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
  7. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।
  8. मान्य फोटो आईडी कार्ड (मतदाता पहचान कार्ड/पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/आधार कार्ड)।
  9. Form for Employee Ward or Contract Labour ward (यदि लागू हो तो)।

- ❖ अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- ❖ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निर्धारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।
- ❖ इस अधिसूचना के फलस्वरूप अथवा अधिसूचना के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थनापत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।
- ❖ किसी ब्रांच में किसी भी अवस्था में यदि योग्य अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम रहती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को, यदि वे अन्य अर्हतायें पूरी करते हैं, लिखित परीक्षा / मेरिट के आधार पर चयन में छूट प्रदान करते हुए क्रमशः ज्वाइनिंग के लिए बुलाया जा सकता है।
- ❖ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- ❖ अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- ❖ अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।
- ❖ **कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी।**
- ❖ किसी भी प्रकार की सिफारिश या बाहरी दबाव, अभ्यर्थी के चयन के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

महत्त्वपूर्ण तिथियाँ:

(क)	ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि:	--- **01. 06.2016**
(ख)	ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि:	--- **21.06.2016**
(ग)	पावती पत्र (Acknowledgement Slip) तथा अन्य दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि:	--- **27.06.2016**
(घ)	लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि (संभावित):	--- **05.07.2016**
(ङ)	लिखित परीक्षा की तिथि (संभावित) :	--- **15.07.2016**
(च)	लिखित परीक्षा परिणाम घोषणा करने की तिथि (संभावित):	--- **20.07.2016**
(छ)	अंतिम रूप से परिणाम घोषणा करने की तिथि (संभावित) :	--- **23.07.2016**
(ज)	नियुक्ति की तिथि (संभावित):	--- **08.08.2016**

परिणाम घोषणा के उपरान्त शाखा अनुसार (Branch wise) रिक्तियों के बराबर मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी आमंन्त्रित किये जाऐगें। जो रिक्तियाँ प्रथम बार बुलाए गये आवेदकों से नहीं भर पायेगीं, उनको भरने के लिए अगली तिथि दी जायेगी जिसमें मेरिट के आधार पर चयन के लिये अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा । यह केवल आमंत्रण होगा। अंतिम चयन घोषित तिथि पर उपस्थित अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर की जायेगी।

इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

आलोक

वरि. प्रबंधक (मा.सं.-भर्ती)

वितरण :

1. सहायक केंद्रीय अप्रेंटिसशिप सलाहकार – बी.ओ.ए.टी. कानपुर
2. जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार — व्यापक प्रसार हेतु
3. हरिद्वार नेट
4. समस्त सूचना पट्ट

प्रतिलिपि :

1. सभी विभागाध्यक्ष
2. स्टाफ अधिकारी कार्यपालक निदेशक (सी.एफ.एफ.पी) — सादर सूचनार्थ
3. स्टाफ अधिकारी कार्यपालक निदेशक (हीप)